# कार्यालय प्रधान महालेखाकार (ऑडिट-II),गुजरात
# ऑडिट भवन, नवरंगपुरा, अहमदाबाद-380009

**परिपत्र संख्या प्रशासन-I (ले.प.-II)/ द्विभा.- 19 / दिनांकः- 09.06.2025**

विषय: अल्प अवधि हेतु सेवानिवृत कर्मचारियों की अनुबंध के आधार पर भर्ती बाबत ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत मुख्यालय के परिपत्र सं. 30/ जो पत्र सं. 1346-स्टाफ(नियुक्ति)-I/22-2016 दिनांक 26.09.2023 द्वारा जारी किया गया है, के दिशा-निर्देशानुसार, इस कार्यालय में लेखापरीक्षक के 5 रिक्त पदों को अल्प अवधि हेतु भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के सेवानिवृत कर्मचारियों से अनुबंध के आधार पर भरने हेतु इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ।

**योग्यता :** सेवानिवृत्त पर्यवेक्षक, सहायक पर्यवेक्षक, वरिष्ठ लेखापरीक्षक ।

**कार्यकाल और आयु सीमाः** सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अल्पावधि अनुबंध के आधार पर शुरू में एक वर्ष की अवधि तक काम पर रखा जायेगा जिसे अधिकतम पांच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है । इसके अलावा, किसी भी सेवानिवृत्त अधिकारी को 65 वर्ष की आयु के बाद अल्पावधि अनुबंध के आधार पर काम पर नहीं रखा जाएगा।

**पारिश्रमिक और भत्तेः** सेवानिवृत्त कर्मचारियों को देय पारिश्रमिक और भत्ते व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 3-25/2020-ई III ए दिनांक 09.12.2020 द्वारा शासित होंगे ।

इच्छुक उम्मीदवार संलग्न प्रपत्र में अपना जीवनवृतांत सहित पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन वरिष्ठ उप महालेखाकार (प्रशासन) को दिनांक **30.06.2025** तक प्रेषित कर सकते हैं ।

हस्ता/-
वरिष्ठ उप महालेखाकार (प्रशासन)

सं.प्रशा.(ले.प.-II)/सा.सी./अ.से.अ.नि./2025-26/ द्वि-1119 09/06/25

प्रतिलिपि:

1. प्रधान महालेखाकार के सचिव
2. वरिष्ठ उप महालेखाकार (प्रशासन) के सचिव
3. IS अनुभाग, कार्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
4. OIOS सेल
5. सभी सूचना पट्ट
6. कार्यालय आदेश मिसिल

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (प्रशासन-I)

# कार्यालय प्रधान महालेखाकार (ऑडिट-II), गुजरात
## ऑडिट भवन, नवरंगपुरा, अहमदाबाद-380009

**अल्पावधि अनुबंध के आधार पर सेवानिवृत्त कर्मियों की नियुक्ति के लिए आवेदन**

| | |
|---|---|
| आवेदक का नाम<br>(सेवा-पुस्तिका में दर्ज) | (हिंदी)<br>(अंग्रेजी) |
| जन्म तिथि | |
| सेवानिवृत्ति के समय धारित पद | |
| आवासीय पता | |
| पत्राचार का पता | |
| दूरभाष संख्या | |
| ई-मेल | |
| कार्यालय का नाम और पता जहां से सेवानिवृत्त हुए हैं | |
| शैक्षणिक योग्यता | |
| कार्य अनुभव का विवरण<br><br>नवीनतम<br>पासपोर्ट साइज फोटो | |

दिनांक:

स्थान:

आवेदक का हस्ताक्षर